Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand for establishment of a medical college in Araria Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री प्रदीप कुमार सिंह (**अररिया**): अध्यक्ष जी, मैं भारत के यशस्वी प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को धन्यवाद देना चाहता हूं और आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने भारत के लोगों के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए 75 मेडिकल देश में बनाने का काम किया है । वर्ष 2019 में हमारे यहां भी चिट्ठी गई थी और हम लोगों को जमीन अधिग्रहण भी हो गया । आज की परिस्थिति में वैश्विक महामारी को देखते हुए मैं अनुरोध करूंगा कि अररिया में अधिग्रहण, रामपुर कोदार्कात्ति में जमीन दी गई है, लेकिन वहां मेडिकल कालेज नहीं बन रहा है । आपसे अनुरोध है कि आप इस तरफ ध्यान दें और मंत्री जी से और बिहार सरकार से बात करके यहां मेडिकल कालेज बनवाया जाए । प्रधान मंत्री जी का सपना है और उन्होंने कहा था कि देश के हर जिले में मेडिकल कालेज होगा । इस दिशा में जल्द काम हो, यही मेरा आपसे अनुरोध है ।